ेषक,

**निदेशक,**
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र,
पशुपालन विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1. **समस्त अपर निदेशक, ग्रेड-2,**
   पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
2. **समस्त मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी,**
   पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।

संख्या:- 169 /सा0-1/एक्स-160/एफ0एम0डी0-सी0पी0/सामान्य मद/2016-17, दिनांक 7-06-2016

**विषय:-** **डिजीज फ्री जोन की स्थापना (के.60/रा.40-के.+रा.) योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए आवंटित धनराशि व्यय के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0-39/बजट/29(5)/अनु0-15/03/2016-17 दिनांक 04.05.2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रश्नगत योजनान्तर्गत विभिन्न मानक मदों में धनराशि रू0 2200.00 लाख का आवंटन करते हुए केन्द्रांश की प्रत्याशा में व्यय न करने के संबंध में निर्देश दिये गये थे।

उक्त के संबंध में सूचित करना है कि आवंटित सीमा तक केन्द्रांश प्राप्त हो गया है। अत: आवंटन आदेश में इंगित बिन्दुओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार आवंटित धनराशि का व्यय करना सुनिश्चित करें। विचलन की दशा में आहरण-वितरण अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी होंगे। मानक मद 07-मानदेय में आवंटित धनराशि का व्यय पैरावेटों के मानदेय हेतु आवंटित किया गया है। यदि आवंटित धनराशि में से पैरावेटों का भुगतान अवशेष रह जाता है तो मानक मद 42-अन्य व्यय में आवंटित धनराशि से भुगतान किया जायेगा। मानक मद-43 सामग्री सम्पूर्ति मद में आवंटित धनराशि कोल्ड चैन की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु आवंटित की गयी है।

भवदीय,

**(ए0एन0 सिंह)**
निदेशक
रोग नियंत्रण एंव प्रक्षेत्र

संख्या:-169 /सा0-1/एक्स-160/एफ0एम0डी0-सी0पी0/सामान्य मद/2016-17, दिनांक 7.6.2016

प्रतिलिपि-आहरण-वितरण अधिकारी, मुख्यालय को विभिन्न मानक मदों में आवंटित धनराशि का व्यय आवंटन आदेश में इंगित बिन्दुओं के आलोक में नियमानुसार व्यय करना सुनिश्चित करें। विचलन की दशा में आहरण-वितरण अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी होंगे।

मानक मद-43 सामग्री सम्पूर्ति मद में आवंटित धनराशि से एफ0एम0डी0 वैक्सीन का क्रय किया जाना है। संदर्भित मद में आवंटित धनराशि का व्यय योजनाधिकारी की अनुमति के उपरान्त ही व्यय किया जायेगा।

**(ए0एन0 सिंह)**
निदेशक
रोग नियंत्रण एंव प्रक्षेत्र